श्री छोटे लाल जमादार का सेवानिवृत्ति समारोह

दिनांक 31.01.2017 को राजस्थान पुलिस अकादमी के ऑडिटोरियम में श्री छोटेलाल जमादार को सेवानिवृत्ति पर समारोह पूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर अकादमी परिवार में आपसी सौहार्द की भावना देखने को मिली। पूरे अकादमी परिवार ने पूरे उत्साह व आत्मीयता के भाव का परिचय देते हुए श्री छोटेलाल की सेवानिवृत्ति को यादगार बना दिया। उल्लेखनीय है कि श्री छोटेलाल ने अपने 42 साल के सेवाकाल में से 40 साल अकादमी में सेवाऐं दी है।

इस अवसर पर अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत ने श्री छोटेलाल को सेवानिवृति पर शुभकामना देते हुए सेवा से निवृत्त होने व अपने परिवार को पूरा समय देने की खुशी के साथ ही अपने साथियों से बिछुडने के गम के इन मिश्रित पलों को राजकीय सेवा के लिए अपरिहार्य होना बताया। साथ ही उन्होने श्री छोटेलाल को सेवानिवृत्ति के बाद के समय को पारिवारिक या सामाजिक कार्यों में सक्रिय रखने की सलाह देते हुए निष्क्रिय हो जाने के दुष्परिणामों के बारे में भी बताया। उन्होने श्री छोटेलाल के सेवानिवृत्ति के बाद के समय को सेवा मे रहते हुए बिताए गए समय की भांति उल्लासित व प्रसन्नतापूर्वक रहने की शुभकामना दी।

इस अवसर पर श्री छोटेलाल ने भावुक होते हुए अपने पूरे सेवाकाल में पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करने की बात कही साथ ही अपने साथियों से बिछुडने के गम का भी इजहार किया।